हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 01 अंक–123 : जौनपुर, बुधवार 11 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## करोड़ों के निवेश का मिला प्रस्ताव : रियल एस्टेट में सर्वाधिक निवेश

लखनऊ ब्यूरो : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले मंगलवार को राजधानी में हुए निवेशक सम्मेलन में 56292 करोड़ के निवेश प्रस्ताव जिला प्रशासन और जिला उद्योग केंद्र को प्राप्त हुए। सबसे ज्यादा निवेश प्रस्ताव रियल एस्टेट क्षेत्र में मिले। वहीं 15485 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से मिले। अधिकारियों के मुताबिक इन निवेश प्रस्तावों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब एक लाख रोजगार सृजित होंगे। राजधानी के इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को हुए निवेश सम्मेलन में उद्यमियों ने 331 निवेश प्रस्ताव दिए। इनमें से 262 के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए, जिनका कुल मूल्य करीब 56292 करोड़ रुपये है। रियल एस्टेट के अलावा डिफेंस, लॉलिस्टिक पार्क के लिए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। रियल एस्टेट में सुल्तानपुर रोड पर चार इंटीग्रेटेड टाउनशिप के अलावा पूर्व में लाइसेंस दी गई दो हाइटेक टाउनशिप में शहीद पथ और रायबरेली रोड पर प्रोजस्ट आएंगे। विभागीय प्रक्रिया बना रहे सुगम : गंगवार डीएम सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ में जरूरी माहौल तैयार किया गया है। उद्योगों के लिए जमीन सुनिश्चित हो सके, इसके लिए सरकारी नीतियों में लाभ देने के अलावा विभागीय स्तर पर भी प्रक्रिया को सुगम बनाया जा रहा है। इसमें कृषि से गैर कृषि उपयोग के लिए जमीन का भू–उपयोग करने की प्रक्रिया सात दिन में पूरी कर ली जाएगी। वहीं इसी तरह 12.5 एकड़ से अधिक जमीन की खरीद करने पर जरूरी अनुमति भी यथाशीघ्र दी जाएगी। जमीन के अधिग्रहण के लिए सुगम माहौल निवेशकों को दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन करते समय ही निवेशक को केवल बताना होगा कि किस उद्देश्य से जमीन खरीद की है। इसके बाद पूरी प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक करा दिया जाएगा। नए उद्योग लगने से आने वाले दिनों में अविकसित क्षेत्रों में विकास और सुविधाएं पहुंचेंगी। यूपी में पहले गुंडे खुलेआम घूमते थे, आज दुनिया निवेश को उत्सुक : पाठक निवेशक



सम्मेलन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी में पहले गुंडे बंदूकें लेकर खुलेआम घूमते थे, भय का माहौल था। आज सुरक्षित और बेहतर माहौल है, जिससे दुनिया भर के उद्यमी यहां निवेश करने को उत्सुक हैं। पाठक ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में हम 16 देशों में गए। प्रदेश में निवेश के लिए अब तक 17 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिस तरह से उद्यमी यूपी में निवेश के लिए उत्सुक हैं। उससे उम्मीद है कि यूपी औद्योगिक विकास में सबको पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ने हमारे देश पर राज किया था, उसे आज हमने आर्थिक पैमाने पर पीछे छोड़ दिया है। लखनऊ में रोड शो आजः 50 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर लगेगी मुहर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत बुधवार को लखनऊ में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि शहीद पथ स्थित एक होटल में आयोजित होने वाले रोड शो में करीब 50 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने की पूरी संभावना है। रोड शो को फिक्की के चेयरमैन प्रतीक मिश्रा, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास अरविंद कुमार, सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश, केंट आरओ के चेयरमैन महेश गुप्ता, क्रिस्टल ग्रुप के नंद किशोर अग्रवाल, पसवाड़ा पेपर्स के अरविंद कुमार, हल्दीराम समूह के संजय सिंघानिया, चेयर कनाडा इंडिया फाउंडेशन के सतीश ठाकुर संबोधित करेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 11 फरवरी 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर की अध्यक्षता एवं प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के संयोजन में 11 जनवरी 2023 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्तागण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस




अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक आपात बैठक संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक आपात बैठक जिला कार्यालय धरनीं धर पुर मीरपुर में जिला अध्यक्ष राम प्यारे प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक की सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने बताया कि हमारे बहुत पुराने समाचार पत्र विक्रेता उमाशंकर पाण्डेय की पत्नी शान्ति देवी का लम्बी बिमारी के चलते निधन हो गया वह 68 वर्ष की थी । उनके मृत्यु से सभी सामाचार पत्र विक्रेता शोका कुल हो गये उनकी आत्मा को शांति के लिए सभी समाचार पत्र विक्रेताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा को शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया। बैठक मुख्य रुप से , मंगरु राम मौर्य, अवधेश मौर्य ,पवन गुप्ता, अखिलेश मौर्य ,लालचंद मौर्य पवन मौर्य ,विजय शर्मा, रमेश मौर्य ,पंकज मौर्य, सुनील मौर्य ,नरेंद्र मौर्य ,हरीश चंद्र शर्मा ,कुल्लू गुप्ता ,संतोष मौर्य, सर्वेश मौर्य ,संदीप निषाद, भरत लाल ,तरुण मौर्य, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद इलियास ,रामधनी मौर्य ,विनोद

## ग्राम पंचायत सहोदरपुर में जनहित सोसाइटी द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : ग्राम पंचायत सहोदरपुर में जनहित सोसाइटी के द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगो को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि ठंड के मौसम में कम्बल वितरण का कार्य बड़ा ही नेक कार्य है। सभी व्यक्ति को कमाई का एक हिस्सा दान करना चाहिए। उन्होंने अन्य लोगों को भी इस कार्य मे आगे आने की अपील की। मा0 सांसद मछलीशहर बी.पी. सरोज ने कहा कि अध्यक्ष जनहित सोसायटी सुनीता सिंह निःस्वार्थ पूरे देश में गरोबो की सेवा कर रही है जिसके लिए उन्हें हृदय से साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे पुनीत कार्य है। पूर्व गृह राज्यमंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जनपद में मा0 मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप कार्य किया जा रहा हैं। जौनपुर में भी बड़े पैमाने पर निवेश होने जा रहा है। उन्होंने हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि कृपाशंकर जी हमेशा गांव के विकास की बातें करते है, उनकी गांव से जुड़ाव सभी को प्रेरणा देता है। पूर्व में भी अनेकों कार्य किये गए है। जिलाधिकारी ने बताया की जिले के लिए इंवेर्स्टर समिट की योजना बनाई गई है, जिसमे बड़े बड़े उद्योग एवं फैक्टरी लगाए जाने पर विचार किये जायेंगे जिसके उपरांत गांव वालों को रोजगार के लिए अन्य शहरों



को नहीं जाना पड़ेगा। डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने कहा कि बहुत अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व गृह राज्यमंत्री जी के द्वारा गाँव वालो को अपने परिवार की तरह समझकर कम्बल वितरण किया जा रहा है। पुलिस की टीम सभी के लिए हमेशा उपलब्ध है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह, श्यामराज सिंह, डॉ0 विकास सिंह, डॉ0 नमिता सिंह, बीडीओ राजीव सिंह, प्रो. शिव कुमार, ग्राम प्रधान जड़ावती सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चिकित्सक सेवानिवृत्ति आयु 70 साल करने की तैयारी : शासन ने महानिदेशक से मांगा सुझाव

लखनऊ ब्यूरो : प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग में चिकित्सक अब 70 साल तक नौकरी कर सकेंगे। उनकी सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की तैयारी है। अभी रिटायरमेंट की आयु 62 साल है। इसे लेकर शासन ने प्रस्ताव तैयार किया है। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव डॉ. मन्नान अख्तर ने सीएम कार्यालय के सुझाव को परीक्षण के लिए महानिदेशक डॉ. लिली सिंह को भेजा है। उनसे प्रस्ताव का परीक्षण कर सुझाव देने को कहा गया है। प्रदेश में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है। इसे देखते हुए 62 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्ति के बाद तीन साल की पुनर्नियुक्ति की विकल्प दिया गया है। इसके लिए हर जिला अस्पताल में पद भी तय किए गए हैं। लेकिन अब चिकित्सा शिक्षा विभाग की तरह 60 वर्ष से 65 वर्ष और फिर विकल्प के साथ उसे 70 साल तक करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह भी कहा गया है कि अभी तक जितने पद सृजित हैं वह 2007 के पहले हैं। अब जनसंख्या में बढोतरी हुई है। निदेशक, अपर निदेशक पद सीमित है। ये पद लंबे समय से खाली चल रहे हैं। ऐसे में संचारी रोग सहित तमाम कार्यक्रम प्रभावित होते हैं। महानिदेशक, निदेशक, अपर निदेशक और एल 4 के चिकित्सकों के वेतनमान समान है। ऐसे में इन पदों की संख्या बढ़ाने का भी प्रस्ताव दिया गया है। शासन की ओर से भेजे गए पत्र में यह भी प्रस्ताव दिया गया है कि सामान्य चिकित्सकों को विशेषज्ञ बनाने की



जरूरत है। इसके लिए अलग से कार्ययोजना बनाई जाएगी। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। ऐस में विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाकर यहां रेजिडेंट एवं डेमोस्ट्रेटर की भरपाई की जा सकेगी। डीएनबी, पीजी सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव महानिदेशक को भेजे गए प्रस्ताव में चिकित्सकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया गया है। यह भी कहा गया है कि जो विशेषज्ञ चिकित्सक डीएनबी के प्रशिक्षक के रूप मेंनामित हैं उन्हें तीन वर्ष तक स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त न किया जाए। हर जिले में करीब 300 बेड उपलब्ध हैं। ऐसे में यहां डीएनबी सीटें उपलब्ध कराई जा सकती है। इस दिशा में नए सिरे से कार्ययोजना तैयार करने की बात कही गई है। पीजी एवं डीएनबी कोर्स के लिए सभी इकाइयों का एकीकरण करके निदेशक, अपर निदेशक आदि के पद नामित किए जाएं। इसी तरह विशेषज्ञ चिकित्सकों केलिए डिप्लोमा कोर्स राज्य स्तर पर बढ़ाए जाएंगे। जो कोर्स समाप्त कर दिए गए हैं, उनकी समीक्षा की जाए। बॉन्ड में राहत देने की तैयारी अभी स्नातकोत्तर प्रशिक्षण एवं अल्पकालिन प्रशिक्षण में 50 से एक करोड़ तक का बॉन्ड रखा गया है। प्रशिक्षण पूरा करने पर सरकारी अस्पताल में सेवा न देने के बदले संबंधित डॉक्टर को बॉन्ड की रकम सरकारी कोष में जमा करनी पड़ती है। नए प्रस्ताव में सामान्य चिकित्सकों को बॉन्ड सीमा में राहत देने का प्रस्ताव दिया गया है। इस पर महानिदेशक से सुझाव मांगे गए हैं।

## विश्वविद्यालय दिवस पर लॉ की छात्रा से छेड़छाड़ : दो पक्षों में मारपीट

लखनऊ ब्यूरो : बीबीएयू में मंगलवार देर शाम विश्वविद्यालय दिवस के आयोजन के बाद लॉ की छात्रा से एमएससी हॉर्टीकल्चर के छात्र ने छेड़खानी कर दी। छात्रा ने उसे थप्पड़ मारा तो दोनों पक्ष के छात्रों में मारपीट हो गई। आरोप है कि वहां उपस्थित एक शिक्षक ने आरोपी को बचाया। इससे नाराज छात्रों ने कुलपति प्रो. संजय सिंह के आवास का घेराव कर छात्र पर सख्त कार्रवाई की मांग की। विश्वविद्यालय दिवस पर शाम को अटल ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद खाने की व्यवस्था थी। इसके लिए लगी भीड़ के बीच लॉ की छात्रा से एमएससी हॉर्टीकल्चर के छात्र ने छेड़खानी कर दी। छात्रा ने उसे थप्पड़ मार दिया। इसे लेकर दोनों पक्ष के छात्रों में मारपीट होने लगी। एक शिक्षक आरोपी छात्र को वहां से बचाकर ले गए। इस पर अन्य छात्र काफी देर तक हंगामा करते रहे। सूचना पर विश्वविद्यालय के अधिकारी व पुलिस बल पहुंचा। उन्होंने छात्रों को समझाया, पर वे नहीं माने। नाराज छात्र ऑडिटोरियम से नारेबाजी करते हुए कुलपति आवास पहुंचे। डीएसडब्ल्यू प्रो. बीएस भदौरिया ने समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्र कुलपति को बुलाने पर अड़े रहे। इसी बीच छात्रा ने लिखित शिकायत में उक्त छात्र को निष्कासित करने की मांग की। देर रात तक विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को मनाने में जुटा रहा और वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। शाम सात बजे छात्रों ने कुलपति कार्यालय का घेराव किया। हालांकि, कुलपति प्रो. संजय सिंह, रजिस्ट्रार अश्वनी कुमार सिंह आदि के साथ रात 10 बजे के बाद छात्रों से बात करने पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया, पर छात्र नहीं माने। इस पर बुधवार सुबह दोबारा प्रॉक्टोरियल बोर्ड की बैठक करने और छात्रा से आरोपी छात्र की पहचान के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद 11 बजे छात्रों ने कल तक के लिए धरना स्थगित किया। कहा, ठोस कार्रवाई न होने पर दोबारा प्रदर्शन करेंगे। बीबीएयू के प्रवक्ता डॉ. रचना गंगवार ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की आपात बैठक बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी छात्र के खिलाफ शिकायत सही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अन्य विद्यार्थियों से शांति बनाए रखने की अपील है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## केजीएमयू में अगले माह से होगी हर प्रकार के जहर की जांच : विशिष्ट लैब तैयार

लखनऊ ब्यूरो : केजीएमयू में अगले महीने से विभिन्न प्रकार के जहर की जांच करने की सुविधा शुरू होने जा रही है। इसके लिए विवि में विशिष्ट लैब तैयार की गई है। इस लैब में सांप के साथ ही अन्य प्रकार के जहर की जांच हो सकेगी। प्रदेश में इस तरह की जांच करने वाला केजीएमयू पहला सरकारी चिकित्सा संस्थान है। किसी भी व्यक्ति में जहर के प्रकार का पता होने पर उसके इलाज में आसानी होती है। केजीएमयू



के फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग में इस विशिष्ट लैब तथा इंफॉर्मेशन सेंटर की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए जरूरी उपकरण खरीदे जा चुके हैं। मेडिसिन विभाग की ओपीडी में कई बार जहरखुरानी या फिर सर्पदंश के मरीज आते हैं। टॉक्सिकोलॉजी लैब न होने की वजह से यह पता लगाना संभव नहीं हो पाता है कि मरीज ने कौन सा जहर खाया है। इस हालत में केवल लक्षण के आधार पर ही मरीज का इलाज किया जाता है। टॉक्सिकोलॉजी लैब होने पर जहर का प्रकार पता करके एंटीडोट देना आसान होगा। जहर जांचने की लैब इस समय सिर्फ पुलिस विभाग के पास है, लेकिन इसका उपयोग इलाज के बजाय मृत व्यक्तियों में जहर की जांच के लिए होता है। टॉक्सिकोलॉजी लैब की इंचार्ज डॉ. शिऊली राठौर ने बताया कि शुरुआत में इस लैब में उन जहर की जांच होगी जो कि आमतौर पर देखने को मिलते हैं। इनमें पेस्टीसाइड या फिर किसी दवाई की ओवरडोज की जांच हो सकेगी। अभी इनकी जांच के लिए फीस निर्धारित नहीं है। अन्य संस्थानों की फीस के आधार पर इनका निर्धारण किया जाएगा। जल्द होगी इंफॉर्मेशन सेंटर की शुरुआत टॉक्सिकोलॉजी लैब की इंचार्ज डॉ. शिऊली राठौर ने बताया कि लैब स्थापित होने के बाद जल्द ही मरीजों के साथ ही चिकित्सकों की मदद के लिए इंफॉर्मेशन सेंटर शुरू किया जाएगा। इस सेंटर पर फोन सुविधा उपलब्ध होगी। यहां फोन कर लोग बच्चों या बड़ों के कुछ खाने पर इस सेंटर के माध्यम से सलाह ले सकेंगे। यह सेंटर यह भी बताएगा कि नजदीक के किस अस्पताल पर उसके इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उपकरण आ चुके हैं केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी हिमांशु का कहना है कि फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग में टॉक्सिकोलॉजी लैब स्थापित होने जा रही है। इसके उपकरण आ चुके हैं। प्रयास है कि अगले महीने तक इसमें जांच शुरू हो जाएगी।

## 7000 उपभोक्ताओं की काट दी बिजली : एक हजार रुपये का बकाया था बिल

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ में स्मार्ट मीटर से बिजली जलाने वाले करीब सात हजार उपभोक्ताओं की मंगलवार को ऑनलाइन बिजली काट दी गई। इन्होंने दिसंबर के एक–एक हजार रुपये के बिल का भुगतान नहीं किया था। उपभोक्ताओं को इसका पता तब चला, जब वे घर में बिजली न आने की शिकायत दर्ज कराने उपकेंद्र पहुंचे। उधर, बकायेदारों की भीड़ बिल जमा करने पहुंची तो सिस्टम फेल हो जाने से परेशानी झेलनी पड़ी। ठाकुरगंज के राधा ग्राम बिलिंग केंद्र पर शाम 7:30 बजे बिल न जमा होने के विरोध में उपभोक्ताओं ने हंगामा किया। ठाकुरगंज में एक साथ 2800 बकायेदारों के घर, दुकानों की बत्ती गुल हो गई थी। 1400 बकायेदार सेस खंड–दो के थे। ठाकुरगंज के उपभोक्ताओं ने बताया कि अधिकतर लोगों के स्मार्ट मीटर से बिजली सुबह 11 से दोपहर 12 बजे के बीच काटी गई। इसकी जानकारी दोपहर दो बजे के आसपास हो सकी, जब बकाया बिल की रकम का मेसेज उनके मोबाइल पर पहुंचा। क्षेत्र में अधिकतर लोगों के रात तक बिल जमा नहीं हो सके। ऐसे में कड़ाके की ठंड हीटर के बिना गुजारनी पड़ी। उधर, अभियंताओं ने बताया कि प्रबंधन ने मंगलवार सुबह बकायेदारों की बत्ती काटने की सूची जारी की थी। इसमें एक–एक लाख रुपये के बकायेदार भी शामिल थे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

भगवान उसकी मदद करते हैं जो खुद अपनीं मदद करता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### युवा दिवस 2023 विशेषः खेतड़ी में मिली थी स्वामी विवेकानन्द को वैश्विक पहचान

राजस्थान के झुंझुनू जिले के खेतड़ी नरेश राजा अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। गर्मी में राजा अजीतसिंह माऊन्ट आबू स्थित अपने खेतड़ी महल में ठहरे हुए थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को युवा सन्यासी विवेकानन्द से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा सन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि उन्होने उस युवा सन्यासी को अपना गुरू बना लिया। तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया जिसे स्वामीजी ठुकरा नहीं सके। इस प्रकार स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को पहली बार खेतड़ी आए। खेतड़ी में विवेकानन्द जी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे। खेतड़ी प्रवास के दौरान स्वामीजी प्रतिदिन राजा अजीतसिंह से आध्यात्मिकता पर चर्चा करते थे। गुरु कहकर सम्बोधित किया स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का 'अष्टाध्यायी' व पातंजलि का 'महाभाष्याधायी' का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था। दूसरी बार पहुंचे थे खेतड़ी अमेरिका जाने से पूर्व 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में ठहरे। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन राजा अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर सन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें मैं यहां भजन सुनाउंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गए। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन 'प्रभू मोरे अवगुण चित न धरो, समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो' सुनाया तो स्वामीजी की आंखों में आंसुओं की धारा बह निकली। उन्होंने उस पतिता नारी को 'ज्ञानदायिनी मां' कहकर सम्बोधित किया तथा कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। ऐसे मिला धर्मगुरु का सम्मान इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी सन्यासोन्मुखी हुए। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया। अमेरिका जाते वक्त खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह ने अपने मुंशी जगमोहन लाल व अन्य कर्मचारियों को बम्बई तक स्वामी जी की यात्रा की तैयारियों व व्यवस्था करने के लिए स्वामी जी के साथ भेजा था। राजा अजीतसिंह ने रखा था नाम इस बात की बहुत कम लोगों को जानकारी है कि स्वामीजी का ''स्वामी विवेकानन्द'' नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है। उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर भगवा साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज सभी उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं। ऐसे हुआ था स्वागत शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे–बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आए। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो–दो सिक्के भेंट किए व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया। उनके स्वागत में पूरे खेतड़ी में चालीस मण (सोलह सौ किलो) देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर खेतड़ी जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया गया था। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया। जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े थे। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुए थे। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गए। यह स्वामीजी का अन्तिम खेतड़ी यात्रा थी। क्या कहा था स्वामी विवेकानन्द ने? स्वामी विवेकानन्द जी ने एक स्थान पर स्वंय स्वीकार किया था कि यदि खेतड़ी के राजा अजीत सिंह जी से उनकी भेंट नही हुई होती तो भारत की उन्नति के लिए उनके द्वारा जो थोड़ा बहुत प्रयास किया गया उसे वे कभी नहीं कर पाते। स्वामी जी राजा अजीत सिंह को समय–समय पर पत्र लिखकर जनहित कार्य जारी रखने की प्रेरण देते रहते थे। स्वामी विवेकानन्द जी ने जहां राजा अजीत सिंह को खगोल विज्ञान की शिक्षा दी थी। वहीं उन्होने खेतड़ी के संस्कृत विद्यालय में अष्ठाध्यायी ग्रंथो का अध्ययन भी किया था। स्वामी विवेकानन्द जी के कहने पर ही राजा अजीत सिंह ने खेतड़ी में शिक्षा के प्रसार के लिए जयसिंह स्कूल की स्थापना की थी। राजा अजीतसिंह और स्वामी विवेकानन्द के अटूट सम्बन्धों की अनेक कथाएं आज भी खेतड़ी के लोगों की जुबान पर सहज ही सुनने को मिल जाती है। स्वामीजी का मानना था कि यदि राजा अजीतसिंह नहीं मिलते तो उनका शिकागो जाना संभव नहीं होता। स्वामी जी ने माना था कि राजा अजीत सिंह ही उनके जीवन में एकमात्र मित्र थे। ऐसा था संयोग स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में व मृत्यु 4 जुलाई 1902 को हुई थी। इसी तरह राजा अजीतसिंह जी का जन्म 10 अक्टूबर 1861 में व मृत्यु 18 जनवरी 1901 को हुई थी। दोनों का निधन 39 वर्ष की उम्र में हो गया था व दोनो के जन्म व मृत्यु का समय में भी ज्यादा अन्तर नहीं था। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता है। स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन 12 जनवरी को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, आध्यात्मिक विचार और उनके आदर्श हैं। जिनका उन्होंने स्वयं पालन किया और भारत के साथ–साथ अन्य देशों में भी उन्हें स्थापित किया। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं, उनके लिए प्रेरणा का एक श्रेष्ठ स्रोत साबित हो सकते हैं। स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन नामक सेवा भावी संगठन की स्थापना की थी। जिसकी राजस्थान में पहली शाखा खेतड़ी में 1958 को राजा अजीतसिंह के पौत्र बहादुर सरदार सिंह द्वारा स्वामी जी के ठहरने के स्थान स्वामी विवेकानन्द स्मृति भवन में प्रारम्भ करवाई गई थी। मिशन द्वारा खेतड़ी में गरीब तथा पिछड़े बालक–बालिकाओं के लिए श्री शारदा शिशु विहार नाम से एक बालवाड़ी, सार्वजनिक पुस्तकालय, वाचनालय एवं एक मातृ सदन तथा शिशु कल्याण केन्द्र भी चलाया जा रहा है। खेतड़ी में रामकृष्ण मिशन द्वारा करोड़ो रुपयों की लागत से स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय संग्रहालय बनवाया गया है। जो देश का पांचवा व राजस्थान का पहला संग्रहालय है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# हिमालय मे पहाड़ियों के दरकने का चौंकाने वाला तथ्य आया सामनें

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जोशीमठ में भूधंसाव की खतरनाक स्थिति बताई जा रही है क्योकि यहां की जमीन मौजूदा भार को वहन करने की स्थिति में नहीं है। रिपोर्ट में चौंकाने वाली बात यह भी कही गई है कि न सिर्फ यहां की जमीन कमजोर है। जोशीमठ में भूधंसाव की खतरनाक होती जा रही स्थिति बताती है कि यहां की जमीन मौजूदा भार को वहन करने की स्थिति में नहीं है। इसके वैज्ञानिक कारण भी एक बार फिर पुष्ट किए गए हैं। राज्य सरकार को सौंपी गई विशेषज्ञों की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जोशीमठ की जमीन भूस्खलन के मलबे से बनी है। यह भी कहा गया है कि न सिर्फ यहां की जमीन कमजोर है, बल्कि इसके नीचे से हिमालय की उत्पत्ति के समय अस्तिस्त्व में आया ऐतिहासिक फाल्ट मेन सेंट्रल थ्रस्ट (एमसीटी) भी गुजर रहा है। जिसके चलते यहां भूगर्भीय हलचल होती रहती है और पहले से कमजोर सतह को इससे अधिक नुकसान होता है। जो भी हो यह तो शोध का विषय है, वर्तमान में वहां के लोगो को सुरक्षित स्थानो पर विस्थापित करना प्रदेश व केंद्र सरकार की प्राथमिकता है । जोशीमठ में भूधंसाव के कारण पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो चुके दो होटलों मलारी इन और माउंट व्यू को सुरक्षित तरीके से ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अब पुलिस ने दोनों होटलों के पास बैरीकेड लगाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरु करवा दी है। इस दौराना बद्रीनाथ हाइवे जाम कर दिया गया है। वहीं वाहनों को औली आर्मी रोड से आवाजाही कराई जा रही है। एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। वहीं प्रशासन द्वारा अनाउंसमेंट कर आसपास के लोगों को हटाया गया। इस दौरान लोगों से गिराए जाने वाले भवनों से दूर रहने की अपील की गई। केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआइ), नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरआफ) और लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की टीम को तकनीकी रूप से ध्वस्तीकरण की जिम्मेदारी दी गई है । 9 जनवरी 2023 की शाम सीबीआरआइ के विज्ञानी ने प्रशासन के साथ दोनों होटलों का मौका–मुआयना किया। 10 जनवरी 2023 को टीम के सभी सदस्यों के पहुंचने के बाद ध्वस्तीकरण को लेकर रणनीति बनाई गई। हिमालय की उत्पत्ति का इतिहास व अस्तिस्त्व का खतरा यूरेशियाई और भारतीय प्लेटों के बीच यह टकराव समुद्री प्लेट के निमज्जित हो जाने के बाद यह समुद्री–समुद्री अब महाद्वीपीय–महाद्वीपीय टकराव में बदल गया और (650 लाख वर्ष पूर्व) केन्द्रीय हिमालय की रचना हुई। तब से लेकर अब तक तकरीबन 2500 किमी की भूपर्पटीय लघुकरण की घटना हो चुकी है। आइये कुछ तथ्य हिमालय पर्वत की उत्पत्ति एवं विशेषताओं के बारे में जाने – हिमालय पर्वत पूर्व से पश्चिम दिशा में विस्तृत दुनिया की सबसे लम्बी पर्वत श्रेणी है । इसके अलावा अन्य पर्वत श्रेणियों का विस्तार जैसे– एंडीज पर्वत श्रेणी, रॉकी पर्वत श्रेणी, ग्रेट डिवाइडिंग रेंज तथा यूराल पर्वत श्रेणी ये सभी पर्वत श्रृंखलाएं उत्तर से दक्षिण दिशा में हैं । हिमालय की लम्बाई पूर्व से पश्चिम दिशा में लगभग 2500 किमी है और पश्चिम में जम्मू–कश्मीर में नंगा पर्वत से लेकर पूर्व में अरूणाचल प्रदेश के उत्तर में स्थित तिब्बत पठार के नामचा बरवा पर्वत चोटी तक विस्तृत है । इसकी चौड़ाई पश्चिमी भाग में अधिक है, जबकि पूर्व भाग में कम है । पूर्वी भाग में हिमालय की स्थिति संकरी होने के कारण यह ऊँचा उठ गया है । हिमालय की आकृति चापाकार अथवा धनुषाकार है और इसका क्षेत्रफल लगभग 5,00,000 वर्ग किमी. है । इसके उत्तर में तिब्बत का पठार तथा उसके उत्तर में क्यूनलून पर्वत श्रेणी स्थित है । यह अपने पूर्वी छोर एवं पश्चिमी छोर पर दक्षिणवर्ती मोड़ दर्शाता है और दक्षिणवर्ती मोड़ पहाड़ को पाकिस्तान में सुलेमान पर्वत और अफगानिस्तान में हिन्दुकुश पर्वत कहते हैं, जिसे पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में अलग–अलग नामों से जाना जाता है दृ अरूणाचल प्रदेश मे पटकई बुम, नागालैण्ड में नागा पहाड़ी, मणिपुर में मणिपुर पहाड़ी और मिजोरम में मिजो पहाड़ी । हिमालय पर्वत की एक शाखा म्यांमार तक फैली है इसे आराकानयोमा कहते है । हिमालय पर्वत का निर्माण सेनोजोइक महाकल्प में हुआ




था । इसकी उत्पत्ति की सबसे अच्छी व्याख्या जर्मनी के भूगर्भशास्त्री कोबर का भू–सन्नति सिद्धांत करता है । टेथिस भू–सन्नति के दक्षिण में गोंडवानालैंड था तथा टेथिस भू–सन्नति के उत्तर में अंगारालैंड था । जैसे–जैसे मलबे का जमाव बढ़ता गया, दबाव के कारण टेथिस भू–सन्नति में अवतलन होने लगा, इसके साथ–साथ यहाँ अवसादी मलबे का जमाव भी बढ़ता गया । कोबर के अनुसार कुछ समय बाद अवतलन होने से टेथिस भू–सन्नति में सिकुड़न होने लगा जिससे उसकी चौड़ाई घटने लगी। टेथिस भू–सन्नति में सिकुड़न होने से उसमें जमा अवसादी चट्टानों में मोड़ पड़ने लगा अथवा वलन होने लगा । कोबर कहते हैं कि मोड़ पड़ने की क्रिया मलबे के दोनों किनारों पर अधिक हुई परिणामस्वरूप बीच का भाग समतल के रूप में ही ऊपर उठ गया । इसके एक तरफ का मोड़ हिमालय पर्वत है तथा दूसरे तरफ का मोड़ क्यूनलून पर्वत है तथा बीच का भाग तिब्बत का पठार है। कोबर के अनुसार गोंडवानालैंड तथा अंगारालैंड दोनों भू–खण्डों में अनेक नदियाँ बहती थीं। इन नदियों ने लम्बे समय तक टेथिस सागर में अवसादों का निक्षेपण किया जिससे टेथिस भू–सन्नति में मलबा जमा हो गया । हैरीहेस के सिद्धांत के अनुसार हिमालय पर्वत के उत्पति की सबसे प्रमाणित व्याख्या कोबर के भू–सन्नति सिद्धान्त को माना जाता है । कोबर के भू–सन्नति सिद्धान्त के अलावा हैरीहेस का प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत भी हिमालय पर्वत के उत्पत्ति का सफल व्याख्या करता है । पृथ्वी की सतह से 200 किमी० की गहराई में दृढ़ भूखण्ड पाया जाता है ।प्लेट टेक्टॉनिक थियरी के अनुसार ये भू–खण्ड 6– भागों में विभाजित हैं, इन्हीं भू–खंडों को प्लेट कहते हैं, जो निम्नलिखित हैं दृ इंडियन प्लेट, यूरेशियन प्लेट, अफ्रीकन प्लेट, अमेरिकन प्लेट, पैसिफिक प्लेट (प्रशांत महासागर का प्लेट) और अंटार्कटिका प्लेट । प्लेट टेक्टॉनिक थियरी के अनुसार ये प्लेटें स्थिर नहीं हैं, बल्कि गतिशील अवस्था में हैं । भारत इंडियन प्लेट के ऊपर स्थित है । इस सिद्धांत के अनुसार इंडियन प्लेट जब उत्तर की ओर प्रवाहित होते हुए यूरेशियन प्लेट से टकराया, तब इन दोनों प्लेटों के मध्य टेथीस सागर में जमें अवसादी मलबे में वलन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई, इन्हीं वलन के परिणामस्वरूप हिमालय जैसे नवीन वलित पर्वत का निर्माण हुआ द्य हिमालय के अंतर्गत चार पर्वत श्रेणियों को शामिल किया जाता है दृ ट्रांस हिमालय, वृहद् हिमालय, लघु हिमालय और शिवालिक हिमालय । उक्त क्रम में, डा. भरत राज सिह ने 2013 में केदारनाथ विभीषिका के उपरांत कई बार अपने पत्र–पत्रिकाओ के माध्यम से जनता को आगाह कर चुके हैं कि वैश्विक तापमान में हो रही बढोत्तरी के कारण हिमालय की ग्लेशियर अधिक मात्रा में पिधल रही हैं, जो पिछले दशक के सापेक्ष 3–4 गुना बढ चुकी हैं । यहाँ तक की ग्लेशियर की चट्टानो में क्रैक होने से थोडी सी वारिस में ही बहुत बडी विभिषका का आगाज 2013 से प्रारम्भ हो गया था और प्रत्येक वर्ष इसकी संख्या में बढोत्तरी हो रही है । इसका विस्तृत जिक्र डा. सिह की ग्लोबल वार्मिंग –2015 की पुस्तक में भी किया गया है । इसके 4–मुख्य कारण हैं दृ मनुष्य जनित पेडो का अधिक से अधिक कटान के कारण वैश्विक तापमान का बढना । पहाडो में अंधाधुंध सडको, मकानो व हाइड्रो पावर परियोजनाओ का निर्माण । टाइटेनिक प्लटो के दवाव में पहाडी इलाके भूकम्प के खतरनाक जोन–5 में आना । हिमालय ग्लेशियर 2,500 किलोमीटर लम्बाई में फैला हुआ है, जो उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रूव के बाद तीसरा बडा ग्लेशियर है, इसकी भी हजारो साल से जमी वर्फ का दो–तिहाई हिस्सा पिघल चुका है जिसके कारण पहाडियो पर वजन कम हो रहा है और पहाडिया ऊपर उठ रही हैं तथा पानी के श्रोत ऊपर से उठी हुयी पहाडियो के दरारो से वैली के आस–पास बने हुये सडको, मकानो व अन्य आधारित संरचना से बाहर निकल रहा है और उन्हे कमजोर कर उनमें दरारे बढा रही हैं । डा. सिह ने अभी 1–2 दिसम्बर 2023 के अमेरिका आये बर्फीले तूफान लेख में उल्लखित किया था कि– भारतवर्ष तीन तरफ से समुद्र से और चौथी ओर हिमालय की पहाड़ियां से घिरा हुआ है, भी भारी शीत लहर, विनाशकारी व तीव्र गति के तूफानो से बुरी तरह प्रभावित हो सकती हैं । हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र के पास बर्फ की चट्टाने टूट–टूट कर परवतीय घाटी में गिरती हैय आजीविका को भारी नुकसान हो सकता है। यह उम्मीद की जाती है कि अगले दशक तक हर साल स्थिति बद से बदतर होती रहेगी । पहाडिया व वर्फीले चट्टाने टूटकर टूटकर खाडियो में गिरती रहेगीय इससे पहाडी क्षेत्र में रहने वालो के अन्यत्र विस्थापित करना होगा । उपरोक्त स्थित अभी जोशीमठ में दिख रही है। परन्तु इस प्रकार की परिस्थित से सम्पूर्ण हिमालय क्षेत्र प्रभावित होगा, इससे नकारा नही जा सकता है । अब हमें जल्दी से जल्दी प्रत्येक खतरनाक इलाको से विस्थापन की कार्यवाही चरणवद्ध तरीके से अपनाना होगा जिससे जन–जीवन की हानि से बचा जा सके।

# पुलिस महानिदेशक देवेंद्र सिंह चौहान ने आरक्षी मनोज कुमार को किया पुरस्कृत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 देवेंद्र सिंह चौहान द्वारा 11वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षी को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जनपद देहरादून, उत्तराखण्ड में आयोजित 11वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम की तरफ से 30 मीटर व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में जनपद मुजफ्फरनगर में नियुक्त आरक्षी मनोज कुमार (पीएनओ 152541417) द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिता में आरक्षी मनोज कुमार ने द्वितीय स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इससे पूर्व भी आरक्षी मनोज कुमार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली उ0प्र0 पुलिस वार्षिक प्रतियोगिता की तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में 02 सिल्वर और 01 ब्रांज मेडल भी प्राप्त किये गये हैं। कार्य सरकार के अतिरिक्त खेल में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले आरक्षी मनोज कुमार को पुलिस महानिदेशक, उवप्रव देवेंद्र सिंह चौहान द्वारा मुख्यालय बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया



गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० के अतिरिक्त अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ०प्र० सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा विगत 08 माह में सराहनीय / उत्कृष्ट कार्य एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 पुलिस कर्मी एवं 01 होमगार्ड को पुरस्कृत किया जा चुका है।

# यदि हम अपने आहार को ठीक रखेंगे तो कई बीमारी से बचा जा सकता है –प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ''राष्ट्रीय डाइटेटिक्स दिवस'' के अवसर पर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के आहार विभाग की टीम ने मरीज एवं उनके तीमारदारों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मरीजों में मोटे अनाज जैसे ज्वार बाजरा, कुट्टू, मडुआ आदि के पोषण महत्व एवं उनसे बनी अनेक रोचक व्यंजन के बारे में अवगत कराना था। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई एवं कुशल नेतृत्व के कारण सम्पूर्ण विश्व में वर्ष 2023 प्दजमतदंजपवदंस उपससमज लमंत के रूप में मनाया जा रहा है। संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। आहार विभाग की विभागाध्यक्ष पूनम तिवारी एवं उनकी टीम ने मरीजो को मोटे अनाज से बनने वाले स्वादिष्ट व्यंजनों के बारे में भोजन का प्रदर्शन करके दिखाया। संस्थान की निदेशक ने मरीजों से कहा कि यदि हम अपने आहार को ठीक रखेंगे तो कई बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने मरीजों के लिए रेसिपी बुक भी उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया । डॉ०रा०म०लो०आ०सं०, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ लोग जैसे, एग्जेक्युटिव रजिस्ट्रार प्रोफेसर ज्योत्सना अग्रवाल , मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर राजन भटनागर, चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर विक्रम सिंह भी मौजूद थे। प्रोफेसर विक्रम सिंह



ने इस बात पर भी ध्यान आकर्षित किया कि कैसे मोटा अनाज जो आज दुनिया भर में प्रसिद्ध है उसको हम अपने लोकल स्तर तथा अपने ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ा सकते हैं ताकि इसका फायदा हमारे किसानों को भी हो ।मरीजो ने आहार एवं अपने रोग संभंधित प्रशन भी वहां उपस्थित चिकित्सक, डॉक्टर नम्रता राव, डॉ स्मिता चौहान से पूँछे एवं जानकारी हासिल की ।डायटीशियन पूनम तिवारी ने यह भी बताया कि भविष्य में संस्थान में भर्ती मरीजों को मोटे अनाज से बने भोजन भी वितरित किए जाएंगे ताकि सरकार की इस पहल को प्रत्येक जनमानस तक पहुंचा सके। ।विभाग की अन्य डायटीशियन अनामिका सिंह, डॉली इदरीसी, प्रियंका सिंह, अंदलीप रिजवी, गायत्री कश्यप, शिवानी पाठक, प्रतिभा दीक्षित, पूनम ओमरे एवं इन्टर्नस ने भी प्रतिभाग किया। कार्यशाला में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रूचि दिखाई ।

# नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में आजमगढ़ की बेटी ने जीता रजत : बढ़ाया जिले का मान

आजमगढ़ ब्यूरो : तमिलनाडु में नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में यूपी टीम से खेल रही आजमगढ़ की बेटी सोनम यादव ने रजत पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। सोनम की इस सफलता से परिजनों व जनपद वासियों में हर्ष की लहर है। कटघर लालगंज कस्बा निवासी सोनम यादव पुत्री राजनरायण यादव जानेमाने समाजसेवी जूठन यादव की पौत्री है। सोनम श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। बचपन से ही वह वेटलिफ्टिंग कर रही है। 28 दिसंबर से सात जनवरी के बीच तमिलनाडु के नागरकोयल में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सोनम ने पहली बार हिस्सा लिया। 87 किग्रा भार वर्ग में सोनम ने रजत पदक प्राप्त किया। बिटिया के नेशनल चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त करने की सूचना मिलते ही परिजनों व जनपद वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। अधिवक्ता विंध्यवासिनी राय, हामिद अली, बसंत यादव, गंगदादीन आदि ने सोनम व परिजनों को बधाई दी। काशी की बेटियों ने भी फहराया परचम तमिलनाडु में नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में यूपी टीम से खेल रही जिले की पांच बेटियों में दो ने स्वर्ण और तीन ने कांस्य पदक जीतकर काशी का मान बढ़ाया है। 28 दिसंबर से सात जनवरी तक




10 खिलाड़ियों ने यूपी टीम की ओर से हिस्सा लिया था। जिला भारोत्तोलन संघ के उपाध्यक्ष और प्रशिक्षक विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि गाय घाट की रहने वाली पूर्णिमा पांडेय ने 87 किलो भार वर्ग में और मच्छोदरी की सोनम सिंह ने 59 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। गौरा की रहने वाली सगुन, दांदुपुर की सृष्टि, अकेलवा की सुषमा ने पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में जिले की संध्या, सलोनी, कुमकुम सहित बालक वर्ग में विकास और स्वयं यादव ने भी हिस्सा लिया। हालांकि, वह पदक नहीं जीत सके।

# काशी विश्वनाथ धाम में होगा संगीत उत्सव, फेमस सिंगर शंकर महादेवन की आवाज से गूंजेगी काशी

वाराणसी ब्यूरो : गंगा विलास क्रूज के रवाना होने से पहले 12 जनवरी को शाम सात बजे काशी विश्वनाथ धाम में संगीत उत्सव होगा। देश के जाने–माने संगीतकार गंगा और नदियों के विकास को समर्पित स्वरांजलि देंगे। संस्कृति मंत्रालय उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि शंकर महादेवन नए, पुराने गीतों के अलावा खुद के बनाए गाने भी गाएंगे। गायन का आरंभ काशी विश्वनाथ को समर्पित गंगा गीत से करेंगे। करीब एक घंटे तक संगीत टीम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि जिस तरह सड़कें अर्थ को गति देती हैं उसी प्रकार नदियों का भी विकास में योगदान होता है। काशी से शुरू जलमार्ग संख्या–1 देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने



वाला है। सभ्यताओं के नदियों के किनारे बसने का मुख्य कारण यह रहा कि ट्रांसपोर्टेशन सस्ता और सुगम होता है।

# संस्कार कर्मकांड के संवर्धन में सनातन वीर सम्मान कार्यक्रम का होगा आयोजन

महराजगंज जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के तत्वाधान में आगामी 14 जनवरी 2023 दिन शनिवार को दोपहर 3:00 बजे शिव मंदिर भूतहा तेजीबाजार पर होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें भारतीय सनातन, संस्कृति, संस्कार, कर्मकांड के संवर्धन संरक्षण में विशिष्ट योगदान हेतु सनातन वीर सम्मान उपाधि तथा अंग वस्त्र और फूल बुके से 101 पुरोहित ब्राह्मणों को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के हाथों सम्मानित किया जाएगा जिसकी जानकारी जिला अध्यक्ष डॉ अतुल दुबे ने दी और यह भी बताया कि यह कार्यक्रम जिला प्रभारी धर्मेंद्र तिवारी के संरक्षण में संपन्न होगा और महाप्रसाद का भी आयोजन किया जाएगा वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि किसी भी सरकार में ब्राह्मणों के हित और उनके मान–सम्मान की रक्षा किसी भी सरकार में नहीं हुई है इसका उन्हें बेहद अफसोस है कहा कि हमारे द्वारा यह बेड़ा पूरे भारतवर्ष में उठाया गया है कि पुरोहित ब्राह्मणों का सम्मान



करना है और अपनी सनातन संस्कृति को बचाना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पति उपाध्याय वअन्य जिले व प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित पाण्डेय द्वारा निवेदन करते हुए सभी ब्राह्मणों से आग्रह किया की अधिक से अधिक संख्या में पुरोहित और ब्राम्हण बंधु आए जिससे उनका सम्मान किया जाए और कार्यक्रम को सफल बनाया जाए।

# सराफा कारोबारी से सात लाख की ठगी : डेढ़ माह तक पीड़ित को दौड़ाते रहे चौकी इंचार्ज

वाराणसी ब्यूरो : दानगंज बाजार के सराफा व्यवसायी से डेढ़ माह पूर्व सात लाख की ठगी के मामले में दानगंज चौकी प्रभारी की लापरवाही सामने आई है। गिरफ्तारी और माल बरामदगी का आश्वासन देकर पीड़ित को डेढ़ माह तक दौड़ाया। एसीपी सारनाथ अमित श्रीवास्तव के निर्देश पर मंगलवार की शाम चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं, एसीपी ने चौकी प्रभारी को फटकार भी लगाई। दानगंज बाजार में अमित सेठ की रमाशंकर सेठ की सराफा की दुकान है। पीड़ित अमित के अनुसार 24 नवंबर को दो व्यक्ति लॉकेट देखने के बहाने 135 ग्राम आभूषण का पैकेट उठा ले गए। सीसी कैमरे की फुटेज में आभूषण का पैकेट चोरी करते हुए दोनों व्यक्ति दिखे। सीसी कैमरे की फुटेज के साथ दानगंज चौकी प्रभारी अरुण प्रताप सिंह को तहरीर दी। आरोप है कि दानगंज चौकी प्रभारी केवल आश्वासन देते



रहे। एसीपी सारनाथ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि दानगंज चौकी प्रभारी की लापरवाही मिली है। जांच कराई जा रही है। वहीं, सराफा व्यवसायी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश चोलापुर थाना प्रभारी को दिया गया है।

# कड़ाके की ठण्ड में देवदूत के रूप में दुर्गेश श्याम व उनकी टीम : 700 कंबल वितरण करने का लिया है संकल्प

प्रयागराज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जिस कड़ाके की ठण्ड में लोग दिन में बाहर नहीं निकल रहे,उस ठण्ड में रात में निकल कर दीन–हीन असहाय, मानसिक विक्षिप्त,बुजुर्ग को ढूंढ कर उन्हें कम्बल से ढकने का कार्य कोई देवदूत ही कर सकता है।अपने सामाजिक कार्यो के लिए ख्यातिलब्ध व्यक्तित्व व प्रतापगढ़ जनपद के मूलनिवासी समीक्षा अधिकारी शांडिल्य दुर्गेश के नेतृत्व में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एक जनवरी से ही कम्बल वितरण किया जा रहा है। संयोजक/ सहसंयोजक शांडिल्य दुर्गेश,अमित रघुवंशी व श्याम शांडिल्य से हमारे संवाददाता ने बात किया,इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा ने हमें जो भी शक्ति व सामर्थ्य दिया है वह दूसरों का कल्याण करने के लिए दिया है। प्रकृति के प्रत्येक कण–कण में परोपकार की भावना दिखती है। सूर्य, चंद्र, वायु, पेड़–पौधे, नदी,बादल सभी बिना किसी स्वार्थ के सेवा में लगे हुए हैं।चाणक्य भी मानते हैं कि परोपकार ही जीवन है। जिस शरीर से परोपकार न हो, उस शरीर का क्या लाभ?परोपकार के बारे में गोस्वामी तुलसीदास की ये उक्ति प्रासंगिक है–'परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई'। परोपकार से बढ़कर दूसरा धर्म नही है और किसी को दुख पहुंचाने से बढ़कर कोई दूसरा अधर्म नहीं है।टीम प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र,बेली हॉस्पिटल,स्वरूप रानी हॉस्पिटल,कमला नेहरू हॉस्पिटल,प्रयाग स्टेशन,पत्थरगिरिजा घर,बस स्टेशन व रोड के किनारे ठण्ड से ठिठुर रहे लोगों को कम्बल प्रतिदिन



बाँट रही है।टीम में सह–संयोजक समीक्षा अधिकारी श्याम त्रिपाठी,अमित सिंह,सुनील यादव,राजेश सिंह,अंकुर यादव,अंकुर पाण्डेय,आनंद,प्रवेश,अमित,श्याम सिंह,आशुतोष,निर्मल, सुमित, देवेंद्र,नीरज,नितिन,नवल,मयंक व आशीष के द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा है।संयोजक शांडिल्य दुर्गेश व समीक्षा अधिकारी अमित रघुवंशी ने उन सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है व उन्हें साधुवाद दिया है,जिन्होंने इस नेक कार्य में हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया है।सहसंयोजक श्याम त्रिपाठी,सुनील यादव व आशुतोष सिंह ने यह बताया कि यह कम्बल वितरण कार्यक्रम कैम्प लगाकर नहीं किया जाता है,बल्कि टीम के सदस्य रात में सड़क पर निकल कर उन्हें कम्बल देते हैं या ढकते हैं।यह कार्यक्रम 17 जनवरी तक चलेगा।

# जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का 11 से 18 जनवरी 2023 तक किया जा रहा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 फुटबाल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 18 जनवरी 2023 तक अयोध्या में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में जूनियर बालक फुटबाल का जनपदीय चयन परीक्षण 07 जनवरी 2023 का प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01 जनवरी 2005 से 31 दिसम्बर 2006 के मध्य होनी चाहिए। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 08 जनवरी 2023 को प्रातः 10 बजे से वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेशीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। उक्त के अतिरिक्त प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 जनवरी 2023 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम देवरिया में किया जा रहा है जिसका जनपदीय चयन परीक्षण जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में 07 जनवरी 2023 का प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का जन्म वर्ष 2006, 2007 व 2008 होना चाहिए। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 09 जनवरी 2023 को प्रातः 10 बजे से वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेशीय सब जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# रेडक्रास सोसाइटी ने गरीबो में बाटे कंबल व हेल्थ सुरक्षा किट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रेडक्रास सोसाइटी के मंडल प्रभारी के नेतृत्व में सोमवार को मुमताजनगर गांव में कैप लगाकर गांव करीब 15 गरीबो परिवारों में कंबल व हेल्थ किड का वितरण किया जिसका शुभारम्भ टीबी क्लिनिक के कार्यक्रम समन्वयक अनंत प्रताप सिंह व दवा वितरण अधिकारी अखंड प्रयाप सिंह के द्वारा चिन्हित महिलाओं को कंबल व हेल्थ किड देकर किया गया। इस मौके पर टीबी कार्यक्रम समन्वयक अनंत प्रताप सिंह ने बताया की मुमताज नगर गांव में एक गरीबो का मकान भी गिरने की सुचना मिली थीं जिसके लिए उन्हें छत के रुप में तिरपाल भी भेट किया है। वहीं रेडक्रास के मंडल प्रभारी व पूर्व प्रचार्य साकेत डॉ० अजय मोहन श्रीवास्तव ने आये हुये सभी अतिथिओ को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर ग्रामीणों को टीबी रोगियों को सरकार की तरफ से दवा, पोषण किड व आर्थिक लाभ की भी जानकारी कार्यक्रम समन्वयक के द्वारा देते हुये ग्रामीणों को ऐसे मरीजों को चिनिहित कर टीबी क्लीनिक तक लाना की भी अपील दोहराई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ० महेंद्र त्रिपाठी ने किया वहीं उनके सहयोग में मनोज कुमार वर्मा, सत्य प्रकाश साहूआदि लोग उपस्थित रहें।

## गलने भरी ठंड में भाजपा विधायक ने बांटे कम्बल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गलन भरी ठंड और शीत लहरी में विधायक रामचंद्र यादव ने नरौली गांव में 200 पात्रों को कंबल का वितरण किया।इस अवसर पर विधायक ने कहा सरकार सर्व समाज के साथ–साथ निराश्रित गरीब को गलन भरी ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण और अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने अपील करते हुए कहा ठंड में जरूरत होने पर ही बाहर निकले।इस मौके पर उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव,नायब तहसीलदार रुदौली अनूप श्रीवास्तव,पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रेस यादव,दिनेश यादव,सचिन कसौधन आदि मौजूद रहे, वहीं सपा नेता ने भी बांटे कम्बल सपा नेता विनोद कुमार लोधी ने चौराहों,अस्पताल,तहसील प्रांगण के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ठण्ड से ठिठर रहे गरीब,बेसहारा लोगों को कम्बल देकर उन्हें ठण्ड से राहत दिलाने का काम किया।

# प्रत्यूष पाण्डेय ने लहराया जनरल सलूट मेंटर्स का परचम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सेना के सीनियर अधिकारियों द्वारा संचालित जी एस एम डिफेन्स अकडेमी में प्रशिक्षित कैंडिडेट प्रत्युष पांडेय अपने अथक परिश्रम एवं कड़ी मेहनत से भारतीय सेना की सबसे कठिन माने जाने वाली एस एस बी परीक्षा को उत्तीर्ण किया। अपने बड़े भाई के कदमो पर चलते हुए जो कि अभी भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रशिक्षण पा रहा है। प्रत्युष ने भी अपने मन में ठान ली थी कि यदि वो अपना कैरियर बनाएगा तो सिर्फ भारतीय सेना में ही। इसी प्रयास में वह जुड़ा सेना के सीनियर अधिकारीयों द्वारा संचालित जनरल सलूट मेंटर्स डिफेन्स अकादमी से। इस अकादमी का प्रतिनिधित्व ब्रिगेडियर यशपाल सिंह द्वारा किया जाता है



और इनके साथ 5 कर्नल एवं ले कर्नल रैंक के ऑफिसर्स है जो कि अपने अपने क्षेत्र में माहिर है और बहुत ही उच्च कोटि की एस एस बी परीक्षा की तैयारी कराते है। साथ ही साथ इस अकादमी मै पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर काफी जोर रहता है। ब्रिगेडियर यशपाल सिंह का कहना है कि जो भी कैंडिडेट सेना में जाने का इच्छुक है उसे लिखित परीक्षा के साथ पर्सनालिटी डेवलोपमेन्ट पर खास ध्यान देना चाहिए। यह भी देखा गया है कि क्षेत्र में संचालित काफी कोचिंग सेंटर्स पर इस बात पर कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। जनरल सलूट मेंटर्स की शिक्षा की पद्दति का सजग परिणाम है हमारा सक्सेसफुल कैंडिडेट प्रत्युष पांडेय। प्रत्युष ने जनरल सलूट मेंटर्स द्वारा चलाये गए पर्सनालिटी डेवलपमेंट को अपनी लिखित परीक्षा के साथ अपनाया और उसे सफलता मिली। प्रत्युष एक बहुत ही बुद्धिमान स्टूडेंट रहा है जिसने नवोदय विद्यालय से अपनी 10 और १२ कक्षा में 90 प्लस प्रतिशत से उत्तीर्ण किया है। उल्लेखनीय है कि प्रत्यूष पाण्डेय की स्कूलिंग जवाहर नवोदय विद्यालय से हुई। वर्तमान में बीएससी मैथ्स से लखनऊ विश्वविद्यालय का छात्र है। मां श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय, पिता आर एल पाण्डेय पेशे से पत्रकार हैं। बड़ा भाई पीयूष पाण्डेय आईएमए देहरादून में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। पीयूष पाण्डेय की भी स्कूलिंग जवाहर नवोदय विद्यालय से ही हुई थी। ब्रिगेडियर यशपाल सिंह, कर्नल रामेंद्र सिंह, कर्नल एसपी सिंह, मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर समेत तमाम सैन्य अधिकारियों ने बधाई दी है। संपादकों, वरिष्ठ पत्रकारों ने पत्रकार आर एल पाण्डेय को बधाई दी है।

# वाराणसी में बंद कमरे में पति–पत्नी का शव मिलने से हड़कंप

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र के बगबरियार में बुधवार को घर के बंद कमरे में पलंग पर पति–पत्नी के शव मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची



है। दोनों की मौत का कारण साफ नहीं है। घटना की सूचना से इलाके में हड़कंप है। मौके पर पुलिस टीम मौजूद है। चेतगंज पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सच सामने आएगा। मृतकों की पहचान प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एवं उनकी पूनम श्रीवास्तव के तौर पर हुई है। प्रमोद तीन भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। वह बिल्डिंग कंट्रक्सन का काम करते थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घर के बाहर भारी भीड़ है।

# पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ के नाम पर हो सकता है किसी सड़क का नाम : मूर्ति भी लगाने का सुझाव

प्रयागराज ब्यूरो : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ के नाम पर शहर की किसी एक सड़क का नाम किया जा सकता है। चर्चा है कि शहर में किसी अंग्रेज अफसर के नाम वाली सड़क का नाम पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी मार्ग किया जा सकता है। इस बीच भाजपा की ओर से नैनी स्थित अरैल मार्ग का नाम केशरी नाथ त्रिपाठी के नाम पर करने का प्रस्ताव मेयर को दिया गया है। दरअसल रविवार आठ जनवरी की सुबह ही पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ का निधन हुआ। उनके निधन की सूचना मिलने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आदि उनके अंतिम दर्शन के लिए प्रयागराज पहुंचे। केशरी नाथ के पुष्प चक्र चढ़ाने के बाद भाजपा नेताओं की डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ एक बैठक भी हुई। बैठक में केशरी नाथ के नाम पर प्रयागराज की किसी एक सड़क के नामकरण किए जाने की चर्चा हुई। वैसे चर्चा इस बात की है कि पूर्व राज्यपाल के नाम पर शहर की किसी संस्था का नाम भी रखा जा सकता है। इसके लिए भाजपा नेताओं से सुझाव भी मांगे गए हैं। कुछ भाजपाइयों ने मूर्ति लगाने का भी सुझाव दिया है। फिलहाल पूर्व राज्यपाल की याद में पार्टी द्वारा बुधवार 11 जनवरी को एक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की जा रही है। इसका आयोजन मेडिकल कालेज स्थित प्रीतम दास प्रेक्षागृह में होगा। इसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हो सकते हैं। श्रद्धांजलि सभा में ही केशरी नाथ के नाम पर शहर में क्या



होगा, उसका एलान किए जाने की चर्चा है। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने 11 जनवरी को श्रद्धांजलि सभा होने की पुष्टि की है। हालांकि अभी समय का निर्धारण नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा नैनी मंडल ने नैनी स्थित अरैल मार्ग का नामकरण केशरी नाथ के नाम पर किए जाने का प्रस्ताव मेयर अभिलाषा गुप्ता को दिया है। इस बारे में मेयर का कहना है कि नगर नामकरण समिति में यह प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पास होने के बाद निश्चित ही इस दिशा में काम किया जाएगा। प्रयागराज से केशरीनाथ त्रिपाठी जी का गहरा रिश्ता था। इसलिए उनके नाम पर यहां कुछ बड़ा किया जाएगा। बस थोड़ा इंतजार कीजिए।

– केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उ.प्र. सरकार।

# डा. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय के संरक्षक डा बी.एस. चन्देल को बधाई देने वालों का लगा तांता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डा. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय के संरक्षक डा बी.एस. चन्देल इण्डियन साइंस कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी चुने जाने पर प्रबन्धक डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी "मधुपेश" ने महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी। डॉ बी.एस. चन्देल डीबीएस कॉलेज के जन्तु विज्ञान विभाग के रह चुके हैं विभागाध्यक्ष नागपुर में ऑल इंडिया सांइस कांग्रेस में मिला पद। डॉ चंदेल के नाम हं दर्जनों आनरेरी फेलोशिप, गोल्ड मेडल और अवॉर्ड विश्व स्तरीय कई सम्मान भी हैं डॉ. चंदेल के नाम अर्न्तराष्ट्रीय जनरल फोना और बायोलॉजिकल रिसर्च के प्रधान सम्पादक और डी.बी.एस कालेज, कानुपर के जन्तु विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ बी0एस0 चन्देल को नागपुर महाराष्ट्र में होने वाली 108वीं ऑल इण्डिया साइंस कांग्रेस के अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में इण्डियन साइंस कांग्रेस का जनरल सेक्रेटरी चुना गया है। डॉ. चन्देल सी0एस0जे0एम0 यूनिवर्सिटी, कानपुर से डी.एस–सी. की उपाधि वर्ष 1988 में प्राप्त कर चुके हैं। आपके लेख 96 अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. चन्देल ने खाद्यान्न सुरक्षा हेतु विषाक्त सिंथेटिक रसायनों के विकल्प में इकोफ्रेंडली हर्बल इन्सेक्टीसाइड के लैब टू लैण्ड प्रयोग पर अपना व्याख्यान नागपुर में प्रस्तुत किया। शोधा के क्षेत्र में हर्बल पेस्टीसाइड पर कार्य करते हुये आपको दर्जनों आनरेरी फेलोशिप, गोल्ड मेडल और अवार्ड समय–समय पर प्रदान



किये गये। डा0 चन्देल को शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिये अमेरिकन बायोग्राफी इंस्टीट्यूट यू0एस0, प्रोफेसर ने मैन ऑफ द ईयर आवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ0 चन्देल को सोसाइटी ऑफ लाइफ साइन्स म0प्र0 ने प्रो0 बाबा जाधव गोल्ड मेडल, इण्डियन एकेडमी ऑफ इन्वायरमेन्ट साइंस यू0के0 वर्ष 2011 का गोल्ड मेडल व जुलोजिकल सोसाइटी ऑफ इण्डिया ने कांग्रेस ऑफ जुलोजी गोल्ड मेडल, वर्ष 2005 में प्रदान किये गये थे। इसके अलावा डॉ चन्देल इण्टरनेशनल जनरल ऑफ इन्टोमोलऑजिकल रिसर्च में एडिटर और 4 अन्य अन्तर्राष्ट्रीय जनरल में एसोसिएट एडीटर के रूप में कार्य कर रहे हैं। डा0 चन्देल इण्डियन साइन्स कांग्रेस में वर्ष 2004 एक्जीक्यूटिव मेम्बर व वर्ष 2013 एवं 2014 में एनिमल वेटरीनरी एवं फिशरीज साइंस में सेक्शनल रिकार्डर भी रह चुके हैं।

# अधिवक्ता की पिटाई मामले में आंदोलन की धमकी : पुलिस वालों पर 11 दिन बाद हुआ मुकदमा दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : वकीलों के प्रदेशव्यापी आंदोलन व लखनऊ में प्रदर्शन की घोषणा व न्यायालय में आरोपी पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज करने की अर्जी के बाद पुलिस ने आननफानन अधिवक्ताओं की पिटाई के मामले में 11 दिन बाद आरोपी दरोगा राजकुमार व वीके सरोज पर लूट समेत अन्य धाराओं में मंगलवार रात मोहनलालगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया जबकि तीसरे दिन भी वकील हड़ताल पर रहे। 30 दिसंबर की रात मोहनलालगंज में बाईक व कार में मामूली टक्कर के बाद पुलिस ने अधिवक्ताओं को थाने लाकर बेरहमी से पिटाई कर हवालात मे डाल दिया था जिसके बाद 31 दिसंबर को पुलिस की कार्रवाई से नाराज वकीलों ने शनिवार को थाने का घेराव कर हाईवे जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे वकीलों ने दोषी दरोगा राजकुमार व वीके सरोज के विरूद्व मुकदमा दर्ज करने व साथी वकील व उसके सहयोगी के विरूद्व दर्ज मुकदमे को समाप्त किए जाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान वकीलों व पुलिस में धक्का मुक्की भी हुई थी। हंगामे के दौरान लगभग आठ घंटे तक लखनऊ– रायबरेली राजमार्ग व अन्य सड़कें जाम रही थीं। पुलिस अधिकारियों ने दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्व वकील की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया और पीड़ित अधिवक्ता से तहरीर भी ले ली थी जिसके बाद हंगामा शांत हो गया लेकिन बाद में मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली से नाराज वकीलों ने दोबारा हाईवे जाम कर दिया। जिसके बाद आरोपी दरोगाओं के स्थानांतरण व कार्रवाई के आश्वासन के बाद वकीलों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया था। वकीलों द्वारा घंटो रोड जाम कर प्रदर्शन करने व बवाल करने को




लेकर इंस्पेक्टर मोहनलालगंज कुलदीप दुबे की तहरीर पर 147, 149, 188, 283 व 341 की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। अधिवक्ताओं से मारपीट व अज्ञात 300 अधिवक्ताओं पर केस दर्ज होने से नाराज वकीलों ने मोहनलालगंज मे महापंचायत बुलाकर आंदोलन की घोषणा करते हुए जिले की सभी तहसील बार व लखनऊ की सभी बार ने हड़ताल पर जाने की घोषणा कर बुधवार को लखनऊ मे प्रदर्शन कर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट का पुतला जलाने का ऐलान किया था। इसके बाद प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी सरकार को दी थी। पुलिस ने वकीलों के आक्रोश को शांत करने के लिए मंगलवार की देर रात आननफानन आरोपी दारोगाओं के विरूद्व 31 दिसंबर को वकील की दी गई तहरीर पर लूट व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर रात में ही बार के पदाधिकारियों को एफआईआर की कापी वाट्सएप पर भेज दी थी।

## कार ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर : मौत

लखनऊ ब्यूरो : कस्बा से काकोरी मोड़ जाने वाले मार्ग पर कार सवार ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इसके बाद कार सड़क किनारे लगे पेड़ में जा टकराई। हादसे से हड़बड़ाया कार चालक भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग को सीएचसी पहुंचाया, जहां से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। बुजुर्ग की मौत हो गई। हालांकि, देर शाम तक पुलिस शिनाख्त नहीं करा सकी थी। इंस्पेक्टर रामेश्वर कुमार ने बताया कि हादसा शीतला मंदिर के पास हुआ है। बुजुर्ग की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। चार पहिया वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

# आभूषण साफ करने के बहाने ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश : चार गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आभूषण साफ करने के बहाने ठगी करने वाले अंतराज्यीय चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।इसका खुलासा मंगलवार को सीओ सदर डाक्टर राजेश तिवारी ने पत्रकार वार्ता में किया। मालूम हो कि रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत बरसेंडी तिराहे से चार संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार किये गये आरोपियों से पूछताछ में अपना नाम पिन्टू सर्वणकार पुत्र स्वर्गीय रामसेवक निवासी नावकोठी थाना नावकोठी जनपद बेगुसराय बिहार,मोतीलाल साह पुत्र स्वर्गीय रामदेव साह निवासी वजआरा थाना बखरी जनपद बेगुसराय बिहार,धर्मेन्द्र साह पुत्र राजाराम साह निवासी बउआरा थाना बखरी जनपद बेगुसराय बिहार कन्हैया साह पुत्र बिसुनदेव साह निवासी नोकोठी जनपद बेसूसराय बिहार बताया।पुलिस ने जब कड़ाई से इन आरोपियों से पूछताछ किया तो उन आरोपियों ने बताया कि वे सभी आभूषण को साफ करने के बहाने महिलाओ से आभूषण की टप्पेबाजी करते है, जिसके क्रम में थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सारंगापुर में हुए वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश सिंह की पत्नी से हुए आभूषण की टप्पेबाजी की घटना का अनावरण व थाना कैंट क्षेत्र में महिला से हुए टप्पेबाजी की घटना के बारे में भी बताया गया।वही पुलिस ने इन आरोपियों के पास से चोरी के आभूषण,आभूषण साफ करने वाले उपकरण व नगद रुपये बरामद किया।

# जीआरपी ने रेलयात्री का छूटा बैग उसके रिश्तेदार को किया वापस



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को रेल यात्री की छूटी बैग को कैंट रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी पुलिस ने उनके रिश्तेदार को सौंपा दिया।मालूम हो कि जीआरपी पुलिस को सीयूजी मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि जम्मूतवी एक्सप्रेस में जम्मू से उन्नाव तक की यात्रा कर रहे अंकित सिंह पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी पिताम्बरनगर जनपद उन्नाव का काला हरे रंग का बैग ट्रेन में बैग छूट गया था।वही सूचना देने वाला रेलयात्री अंकित कुमार सिंह उन्नाव में उतर गये थे। परंतु उनका काला बैग उसी ट्रेन में छूट गया था।रेलयात्री अंकित सिंह द्वारा उक्त सूचना पर रात्रिधिकारी उप निरीक्षक सुदामा सिंह यादव व प्लेटफार्म ड्यूटी पर मौजूद कांस्टेबल नितीश कुमार द्वारा सूचना अटेण्ड करते हुए ट्रेन के रेलवे स्टेशन अयोध्या या कैण्ट आने पर छानबीन की गई।उनके अथक प्रयास से एक बैग कालर के बताए अनुसार मिला बैग को खोलकर देखा गया तो उसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएमएम कार्ड व इस्तेमाली कपड़े व प्रसाद व खाने पीने का सामान मिला।बैग के मिलने की सूचना पर रेलयात्री अंकित कुमार सिंह उपरोक्त को दी गयी। जिसकी सूचना पर उसके रिश्तेदार विमल सिंह पुत्र हरिप्रकाश सिंह नि0 2/3/44 मुकेरी टोला थाना को0 नगर जिला अयोध्या वार्ता के क्रम मे उपस्थित थाना आये तथा पुलिस पूरी तरह से संतुष्ट होने पर वह बैग जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएमएम कार्ड व इस्तेमाली कपड़े व प्रसाद व खाने पीने का सामान बाद कराने पहचान कर दे दिया।

# मान सरोवर सभागार प्रयागराज में सेवानिवृत्त आईजी केपी सिंह ने ड्यूटी में लगे कर्मियों को दिया मूल मंत्र

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) माघ मेला प्रयागराज मीडिया सेल के मुताबिक मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन प्रयागराज के मान सरोवर सभागार में आयोजित पुलिस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जनपदों से आए हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक कविंद्र प्रताप सिंह के द्वारा माघ मेला पुलिस के आचरण एवं कर्तव्य तथा भीड़ नियंत्रण के सिद्धांतो के सम्बन्धा में प्रशिक्षित किया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस महा निरीक्षक के पी सिंह द्वारा बताया गया कि मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालु देश के विभिन्न प्रदेशों से संगम स्नान के लिए आते हैं अतः ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं से हमारा आचरण व व्यवहार सभ्य और शालीन हो जिससे बेहतर संवाद स्थापित किया जा सके। माघ मेला में ड्यूटी के दौरान हमारा टर्नआउट उच्च कोटि का हो तथा सभी पुलिसकर्मी को मेला क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति तथा व्यवस्थापन के संबंध में विधिवत जानकारी




हो जिससे आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं का उचित मार्गदर्शन किया जा सके। प्रशिक्षण शिविर में मोहम्मद तारिक जोनल अपर पुलिस अधीक्षक माघ मेला, दिनेश सिंह यादव पुलिस उपाधीक्षक जल पुलिस माघ मेला,इश्तियाक खान पुलिस उपाधीक्षक यातायात माघ मेला, उमेश गौतम मुख्य अग्निशमन अधिकारी माघ मेला व समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण आईपीएस मिश्र के द्वारा प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

# आग का गोला बना ट्रक : 30 लाख रुपये का नुकसान

बाराबंकी ब्यूरो : सुल्तानपुर लखनऊ नेशनल हाईवे पर लोनीकटरा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को आगोश में ले लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां जब तक आग बुझातीं ट्रक जल गया। करीब 30 लाख रुपए के नुकसान की संभावना जताई गई है। सुल्तानपुर के कूरेभार से यूकेलिप्टस की लकड़ी लादकर ट्रक बरेली जा रहा था। ट्रक के चालक ताहिर के अनुसार, लोनीकटरा थाना क्षेत्र में दहिला गांव के पास ट्रक के पिछले टायर में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने ट्रक रोका और कुछ कर पाता तब तक आग फैल चुकी थी। चालक ताहिर और खलासी साजिद ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस और फायर बिग्रेड को दी। करीब 25 मिनट बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया लेकिन टायरों में लगी आग बुझने की बजाय भड़कती गई। देखते ही देखते पूरा ट्रक आग का गोला बन गया। हालांकि ट्रक में लगी लकड़ी गीली होने के कारण जलने की वजह से सुलगती रही। इस घटना के कारण लखनऊ



सुल्तानपुर हाईवे पर सुबह करीब छह बजे तक यातायात बाधित रहा। सुबह का समय होने के कारण यातायात कम था। मगर अफरा–तफरी फैल गई। लोनीकटरा के थाना प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यूकेलिप्टस की लकड़ी बरेली ले जाई जा रही थी। चालक और खलासी बरेली के ही निवासी हैं।

# गांजा तस्कर सुरेंद्र यादव का 15 लाख का मकान कुर्क : पुलिस की कार्यवाही से मचा हड़कंप

आजमगढ़ ब्यूरो : सिधारी थाना पुलिस ने मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर गांजा तस्कर सुरेंद्र यादव का पैतृक भूमि पर बनाये गए मकान को कुर्क कर लिया। कुर्क किए गए मकान की वर्तमान मार्केट वैल्यू 15 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान गांव में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सिधारी थाना क्षेत्र के सुरसी गांव निवासी सुरेंद्र यादव पुत्र स्व. रामहित यादव गांजा कारोबारी है। उस पर गैंगेस्ट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। तीन अगस्त को सिधारी पुलिस व एसओजी टभ्म ने सुरेंद्र यादव को सहयोगी अनिल यादव, राकेश यादव को दो कुंतल 13 किग्रा गांजा के साथ पकड़ा था। सुरेंद्र अपने गैंग के सदस्यों के साथ गांजा तस्करी कर अवैध व्यापार में संलिप्त था। इस अवैध कारोबार से की गई कमाई से उसने अपने पैतृक भूमि पर नया मकान बनवाया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर एक जनवरी को पुलिस से सुरेंद्र द्वारा गांजा बेच कर अर्जित किए गये धन से खरीदी गई आई–10 कार व एक हीरो बाइक को कुर्क किया गया था। जिसकी कीमत 2.37 लाख रुपये आंकी गई थी। वहीं मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर ही सुरेंद्र द्वारा पैतृक भूमि पर निर्मित कराए गये मकान को भी कुर्क कर लिया गया। जिसका वर्तमान बाजारू कीमत 15 लाख रुपये आंका गया है। गैंगेस्टर एक्ट के तहत यह कार्रवाई की गई है। मकान पर कुर्क करने की नोटिस चस्पा करने के साथ ही मुनादी भी करवायी गई।

# चमकेगा चौक घंटाघर हटेगा अतिक्रमण : दिए गए दिशा निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अतिक्रमण और बदइंतजामी से बेहाल चौक घंटाघर के दिन अब बहुरने वाले हैं। यहां स्थित चार मुगलकालीन दरवाजों का सौंदर्य निखार कर इस क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने पर प्रशासन विचार कर रहा है। मंडलायुक्त ने नगर निगम को इस क्षेत्र में अतिक्रमण चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। चौक घंटाघर शहर का हृदय स्थल है। यहां चार रास्तों पर चार विशाल दरवाजे बने हैं। इन दरवाजों पर बेहद अतिक्रमण होने, यहां दुकानें लग जाने के कारण यहां का रास्ता बेहद संकरा हो गया है। इस वजह से यहां दिनभर जाम के हालात बने रहते हैं। इस क्षेत्र में चौपहिया वाहनों पर प्रतिबंध होने के बावजूद हालात बेहद खराब हैं। यदि कहीं से कोई एक चौपहिया वाहन यहां आ जाता है तो जाम लगना तय है। यही नहीं, सारी अयोध्या जब सज संवर रही है तो गुलाबबाड़ी के करीब चौक और यहां के ऐतिहासिक दरवाजों की दुर्दशा पर्यटकों को अखरती है। यह देखकर अब मंडलायुक्त गौरव दयाल ने इस स्थिति को बदलने का प्रयास शुरू किया है। उन्होंने नगर आयुक्त से यहां वैध और अवैध दुकानें चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा डीएम नितीश कुमार ने एडीए से इन इमारतों के सौंदर्यीकरण का प्रोजेक्ट तैयार करने को भी कहा है। यदि यह योजना सफल रही तो आने वाले कुछ महीनों में यह इलाका भी चमकता नजर आएगा। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि घंटाघर के पास दरवाजे ऐतिहासिक हैं। वहां अतिक्रमण दिखाई देता है। इसलिए वहां वैध व अवैध दुकानों के परीक्षण के निर्देश नगर आयुक्त को दिए गए हैं। इसके अलावा यहां सौंदर्यीकरण कराने का भी प्रयास किया जा रहा है।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत : बहन की शादी का कार्ड छपवाने जा रहा था युवक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बहन की शादी का कार्ड छपवाने चौरेबाजार आया युवक घर जाते समय कार की चपेट में आ गया। स्कूटी सवार 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। थाना कूड़ेभार क्षेत्र के सैदखानपुर मजरा गौरा निवासी रोहित सिंह यादव पुत्र राम मूरत यादव के घर पर आयोजित विवाह कार्यक्रम का कार्ड छपवाने चौरेबाजार आया था। वापस जाते समय चौरे बाजार निधियावां मार्ग के निकट स्कूटी पर सवार होकर जैसे निकला तो सुल्तानपुर की तरफ से तेज गति से आ रही कार की चपेट में आ गया। पुलिस चौकी चौरेबाजार प्रभारी जनार्दन सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक अभिषेक कुमार ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। कार चालक अभी भी फरार बताया जा रहा है।

# वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बोलनें व समझने वाली भाषा बनी हिन्दी –प्रो0 सत्य प्रकाश त्रिपाठी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक तथा क्षेत्रीय भाषा केन्द्र के सयुक्त संयोजन में विश्व हिंदी दिवस पर विश्व बाजार एवं हिन्दी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता बीएनकेबी पीजी कॉलेज अंबेडकरनगर के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो0 सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में हिंदी भाषा वैश्विक होने के साथ दुनिया में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा बन गई है। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में हिंदी बोलने, लिखने व समझने वालों की संख्या लगभग 138 करोड़ है। वही अंग्रेजी बोलने वालों की संख्या 129 करोड़ रह गई है। इन्हीं आकड़ों से पता चलता है कि हिन्दी काफी समृद्व हो गई है। कार्यक्रम में प्रो0 त्रिपाठी ने बताया कि वैश्विक बाजार में हिंदी का उपयोग काफी तेजी से बढ़ा है। इधर 5 वर्षों में गूगल पर सर्च करने वालों की संख्या में 34 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया पर सबसे अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग लिखने एवं बोलने में किया जा रहा है। हिन्दी के वैश्विक स्तर पर प्रयोग से पूरी दुनिया आश्चर्य चकित है। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि हिंदी विकास की ओर तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि वैश्विक परिदृश्य में हिंदी की मांग काफी बढ़ी है। भारत से जुड़ने के लिए 30 देशों के 100 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई कराई जा रही है। जिससे वे वैश्विक बाजार में अपने को स्थापित कर सकें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हिंदी बहुसंख्यकों लोगों की आकांक्षा, अभिव्यक्ति व समझने की भाषा बन गई है। धर्म, ज्ञान व शास्त्रों में हर क्षेत्रों में हिन्दी का उपयोग देखा जा रहा है। फिर भी आज हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं है। हिन्दी के साथ क्षेत्रीय भाषाओं के संयोजन से ही हिन्दी को विश्व रैकिंग में सर्वोच्च स्थान मिल पायेगा। इस पर सभी को सोचने व समझने की जरूरत है। इसके विस्तार होने के साथ हिन्दी राष्ट्रभाषा बन सकती है। हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक के समन्वयक डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र ने बताया कि हिन्दी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है। पूरी दुनियां में हिन्दी एक अहम भाषा के रूप में समृद्ध हो चुकी है। अपने देश में हिन्दी तकनीकी व मेडिकल के क्षेत्र में भी अब हिन्दी का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। अमेरिका में रहने वाले 70 प्रतिशत भारतीय हिन्दी भाषा को वरीयता दे रहे है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा समृद्ध हुई है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अवधी भाषा की शिक्षिका डॉ0 प्रत्याशा मिश्रा द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन हिन्दी विभाग के डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 मुकेश वर्मा, डॉ0 सुमनलाल, डॉ0 स्वाति सिंह, डॉ0 निहारिका सिंह, डॉ0 दिव्या वर्मा, आस्था कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# आलू व दलहनी फसलों में पाले का खतरा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बदलते मौसम में पड़ रही बेहद ठंडक व कोहरे ,पाले के कारण किसानों को फसल सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की जरूरत है ।कड़ाके की ठंडक में पारा तेजी से गिर रहा और भी पारा गिरने की संभावना है आलू मटर सरसों वाद की फसल को पाले से बचाव करने के के तरीके अपनाकर फसलों को बचा सकते हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ सुभाष चंद्र वर्मा ने बताया कि आलू की फसल एक नकदी फसल है जिससे किसान भाइयों को अच्छी आमदनी प्राप्त होती है। इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है आलू में पाला लगने से आलू की फसल में भारी नुकसान होने की संभावना है। पाला की रोकथाम के लिए प्राथमिक बचाव हेतु खेत के पूरब और पश्चिम दिशा में अर्थात हवा के विपरीत दिशा में खेत के मेड़ो पर धुंआ करके साथ आलू की फसल की हल्की सिचाई करके फसल को बचाया जा सकता है ।इसके अलावा कुछ रसायनों के प्रयोग से अत्यंत ही लाभकारी हो सकता है जैसे मैको जेब 75 प्रतिशत को 2,5 किलो साथ ही मेटॉस्कसिल 0'60 किलो को प्रति हेक्टेयर 600 से 700 लीटर पानी मे घोल बनाकर छिड़काव करने से आलू की फसल को पाले से बचाया जा सकता है इसके अतिरिक्त कार्बेंडाजिम 50% डब्ल्यूपी को 1.5 किलो अथवा जीनेब जेड 78 को 2.5 किलो 600 से 700 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने से फसल को रोक से बचाया जा सकता है। मटर की फसल मैं तुड़ासित रोग ( पाउडरी मिलडयू) जो की पत्तियों के ऊपरी सतह पर सफेद चूर्ण के रूप में एक लेयर बना लेती है जिसके कारण पत्तियां पीली होकर सूखने लगती है जिससे धीरे–धीरे पूरा पौधा समाप्त हो जाता है। इसके रोकथाम के लिए मैकोजेब 75 प्रतिशत 2.0 किलो कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 50% डब्ल्यूपी को 3.0 किलो को 600 से 700 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करने से इस रोग से बचा जा सकता है सरसों की फसल में पौधे से निचली पत्तियों में कत्थई रंग के धब्बे बनने लगते है पत्तियों पर सफेद रंग के फफोड़े बन जाते हैं जिसमें पत्तियां पीली होकर सूखने लगती है तब यह समझ लेना चाहिए कि यह सफेद गेरुई, तुलासिता रोग( पाउडरी मिल्ड्यू) के लक्षण हैं जिसके रोकथाम के लिए मैंकोजेब 75% WP 2.0 किलो अथवा कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 50% wp को 3.0 किलो मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 650 से 800 लीटर पानी पानी में घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करने से फसल को रोग से बचाया जा सकता है।

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में नेटबॉल व क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता सत्र 2022–23 में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी खिलाडियों का परिसर के प्रचेता भवन स्थित खेल मैदान में चयन किया गया। नेट बॉल के बालक वर्ग में 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें 12 खिलाड़ियों का चयन आवासीय परिसर टीम के लिए किया गया। वहीं नेट बाल बालिका वर्ग में लगभग 25 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 12 खिलाड़ियों का चयन आवासीय परिसर टीम के लिए किया गया। दूसरी ओर क्रिकेट बालक वर्ग में लगभग 55 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें 25 खिलाड़ियों का चयन आवासीय परिसर टीम के लिए किया गया। आवासीय क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 मुकेश वर्मा ने बताया कि 11 जनवरी को राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय, डुमरिया डी, मझगवां, गोंडा में सुबह 9:00 बजे से नेटबॉल (बालक/बालिका) वर्ग की प्रतियोगिता होगी। दूसरी ओर क्रिकेट बालक वर्ग के अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता नंदिनी नगर पी.जी. कॉलेज, नवाबगंज, गोंडा में 13 जनवरी को सुबह 9:00 बजे से आयोजित की जायेगी। चयन प्रक्रिया के दौरान कुमार मंगलम सिंह,आनंद मौर्य, महेंद्र, अंकित मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के बेनीगंज रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की कटकर दर्दनाक मौत हो गई।इस संबंध में थानाध्यक्ष जीआरपी एस पी शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को सुबह बेनीगंज रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ी की चपेट में आकर 70 वर्षीय मोहम्मद जहीर उर्फ जुम्मन पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी बेनीगंज चौराहा थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या की कटकर मौत हो गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिये भेज दिया गया। जीआरपी पुलिस ने बताया कि मृतक बेनीगंज निवासी बताया है।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दर्शन करने जा रहे बाइक सवार दो युवकों की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मवई थाना क्षेत्र के ग्राम गोंडियन पुरवा मजरे भैसौली निवासी सजंय निषाद सोमवार को अपने चचेरे भाई को साथ लेकर बाइक से मां कामाख्या धाम दर्शन करने जा रहे थे वह जैसे ही बाबाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बदलेपुर मोड़ के पास पहुंचा तभी गन्ना लादकर आ रही ट्रेक्टर ट्राली से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और चालक मौके से फरार हो गया।लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से दोनों घायलों को एम्बुलेंस से पहुंचाया सीएचसी सुनबा जिन्हें देखते ही डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया और एक की हालत गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया जिसकी रास्ते मे ही मौत हो गई।इस सम्बंध में बाबाबाजार थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम बदलेपुर मोड़ के पास बाइक सवार दो यवको की ट्रेक्टर ट्राली की टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार दोनो युवक संजय निषाद पुत्र राम कैलाश 24 वर्ष व दीपक 19 वर्ष गम्भीर रुप से घायल हो जिन्हें तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी सुनबा पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने एक को देखते ही मृत घोषित कर दिया और एक को जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया जिसकी रस्ते में मौत हो गई।जिनके शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली का चालक मौके से फरार हो गया बाइक व ट्रेक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।उन्होंने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तह्ररीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# तालाब में मिला विवाहिता का शव : दहेज हत्या का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोमवार की सुबह जनौरा स्थित पक्का तालाब में एक विवाहिता का शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है । बताया गया कि भोर में लगभग 5:30 बजे स्थानीय लोगों ने पौराणिक स्थल स्थित पक्के तालाब में एक महिला का शव देखा। आसपास के लोगों ने मृतका की शिनाख्त थोड़ी दूर पर ही रहने वाली 23 वर्षीय रेखा गुप्ता पत्नी सुरेश गुप्ता के रूप में की। महिला का पति रोजी रोजगार के सिलसिले में पंजाब प्रांत में है। मामले की जानकारी पर पहुंची फतेहगंज चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और विधिक कार्रवाई के लिए सूचना मजिस्ट्रेट तथा विवाहिता के मायके वालों को इसी जिले की बीकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित सूल्हेपुर दी। सूचना पर मृतका के पिता राजकुमार पुत्र कृष्ण प्रसाद पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिनों से पुत्री को दहेज की डिमांड के कारण प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज की खातिर ससुरालीजनों ने उनकी पुत्री की जान ले ली। हालांकि विवाहिता के देवर मनोज कुमार का कहना है कि भाभी इधर कई महीनों से लगातार बीमार चल रही थी । जिसके चलते मानसिक अवसाद में थी। इसी अवसाद के चलते उन्होंने तालाब में कूदकर अपनी जान दे दी। क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा करवा पोस्टमार्टम कराया गया है ।अभी पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है ।अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# परिवहन विभाग के अधिकारियों ने टालियो में लगवाया रेडियम लेप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) परिवहन विभाग अयोध्या द्वारा मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के बाद तहत बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की इकाई रौजा गांव में 110 ट्रैक्टर ट्राली में रेडियम टेप लगवाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि कोहरे में सड़क हादसों की संभावना बढ़ जाती है ऐसे में बेहद सावधानी के साथ वाहनों को चलाने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि कोहरा होने पर फॉग लाइट का इस्तेमाल करें वाहन को मोड़ने से पहले इंडिकेटर अनिवार्य रूप से जलाएं।सड़क पर सफेद पट्टी के सहारे चलें वाहनों से उचित दूरी बनाए रखें,वाहन का म्यूजिक सिस्टम बंद रखें और रेडियम टेप अवश्य लगाएं।यातायात के छोटे–छोटे नियम बड़े सड़क हादसों को रोकने में सहायक है।कार्यक्रम में किसानों को यातायात चिन्ह युक्त पंपलेट भी वितरित किए गए।कार्यक्रम में यात्री कर अधिकारी संदीप चौधरी,प्रवर्तन प्रवेक्षक राम सिंह,दुर्गेश सिंह,बालगोविन्द,इकाई प्रमुख सुधीर कुमार,महाप्रबंधक गन्ना इकबाल सिंह,सहायक महाप्रबंधक गन्ना प्रदीप कुमार,सहायक महाप्रबंधक गन्ना हरदयाल सिंह,गन्ना प्रबंधक विकास सिंह,उपगन्ना प्रबंधक अजीत राय,सहायक गन्ना प्रबंधक अमित कुमार सिंह,सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार पांडेय तथा कृषक गण बालगोविंद सिंह,महेश शर्मा,अरविन्द कुमार,बृजेन्द्र,धीरज कुमार आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।